अखंड भारत समाचार

पेज़ 05 मूल्य 4 रुपए मंगलवार,17 फरवरी 2026 प्रकाशित – न्यू दिल्ली अंक:01

तारिक रहमान के शपथग्रहण में बांग्लादेश क्यों नहीं जा रहे PM मोदी?

भारत के पड़ोसी बांग्लादेश में आज नई सरकार का गठन होने जा रहा है. तारिक रहमान प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे. इस दौरान उन्होंने कई देशों के नेताओं को समारोह के लिए न्योता दिया. उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को भी निमंत्रण भेजा, लेकिन वह बांग्लादेश नहीं जा पाए. भारत की तरफ से लोकसभा स्पीकर ओम बिरला इस कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं. जिस दरमियान बांग्लादेश में नई सरकार का गठन हो रहा है, उसी बीच भारत में एआई इम्पैक्ट समिट चल रहा है. पीएम मोदी ने इसका बीते दिन उद्घाटन किया. इस समिट में शामिल होने और कई अन्य वार्ताओं के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों आज भारत दौरे पर हैं. पीएम मोदी का आज का कार्यक्रम राष्ट्रपति मैक्रों के साथ तय है. एक न्यूज एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि BNP ने कई देशों के नेताओं को निमंत्रण भेजा है. बांग्लादेश की नई कैबिनेट (17 फरवरी) आज शपथ ले रही है और इसी दिन प्रधानमंत्री मोदी मुंबई में राष्ट्रपति मैक्रों के साथ वार्ताओं में शामिल होंगे.

विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इस कार्यक्रम में स्पीकर की मौजूदगी "भारत और बांग्लादेश के बीच गहरी और मजबूत दोस्ती को दर्शाती है और दोनों देशों को जोड़ने वाले लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है.".

डॉ. ए. अंगप्पन @ अरुण को 26 जनवरी 2026 को “Bhartiya Ratna Award” से सम्मान

सेवा, समर्पण और प्रेरणा की मिसाल – युवा नेतृत्व, समाज सेवा और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक युवा नेतृत्व और समाज सेवा में विशिष्ट डॉ. ए. अंगप्पन @ अरुण आज युवा राष्ट्रवादी नेतृत्व, कानूनी जागरूकता और समाज सुधार के क्षेत्र में एक उज्ज्वल उदाहरण हैं। वे देवर समूह की कंपनियों के CEO के रूप में अपनी दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता, पारदर्शिता और संगठन कौशल से उद्योग जगत में अपनी पहचान बना चुके हैं। उनकी असली पहचान उनके सामाजिक और कानूनी योगदानों से है। विधिक जागरूकता संघ के राज्य सचिव और अखिल भारतीय युवा विकास संघ के राष्ट्रीय उप-सचिव के रूप में वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और अधिकार पहुँचाने के लिए निरंतर सक्रिय हैं।

डॉ. ए. अंगप्पन @ अरुण जी का जीवन यह सिखाता है कि जब परंपरा, संस्कृति और प्रगति साथ चलते हैं, तो समाज और राष्ट्र दोनों सशक्त बनते हैं

उनके काम से प्रेरणा लेकर हर युवा अपने देश और समाज के लिए सकारात्मक बदलाव ला सकता है।

यह लेख केवल सूचना और प्रेरणा के उद्देश्य से तैयार किया गया है। किसी भी आधिकारिक या कानूनी निर्णय से पूर्व प्रमाणिक स्रोतों की पुष्टि आवश्यक है।

विज्ञापन दें

विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
8708565733

ओएसिस वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा डॉ. एस. डी. लोखंडे को लोक सेवा रत्न अवार्ड हेतु चयन

ओएसिस वर्ल्ड रिकॉर्ड्स एक प्रतिष्ठित संस्था है जो शिक्षा, समाजसेवा, नवाचार और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करती है। संस्था का उद्देश्य केवल उपलब्धियों का दस्तावेजीकरण करना नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले प्रेरणादायक कार्यों को पहचान देना और उन्हें व्यापक मंच प्रदान करना है। इसी कड़ी में, संस्था ने डॉ. एस. डी. लोखंडे को लोक सेवा रत्न अवार्ड के लिए चयनित किया है।

डॉ. लोखंडे, JAWAHAR NAVODAYA VIDYALAYA CHATRA के प्राचार्य के रूप में, शिक्षा को सेवा और राष्ट्र निर्माण का माध्यम मानते हैं। उनके नेतृत्व में विद्यालय ने शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और समग्र विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। वे सदैव इस विचार को प्रोत्साहित करते हैं कि "विद्यार्थी ही राष्ट्र का भविष्य हैं।" उनके मार्गदर्शन में छात्र न केवल अकादमिक रूप से सशक्त बने हैं, बल्कि सामाजिक रूप से जागरूक और जिम्मेदार नागरिक भी बन रहे हैं।

ओएसिस वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने उनके इन्हीं उत्कृष्ट कार्यों, पारदर्शी नेतृत्व, समाज कल्याण के प्रति समर्पण और छात्र हित में किए गए निरंतर प्रयासों को ध्यान में रखते हुए उन्हें इस सम्मान के लिए चुना है। डॉ. लोखंडे की कार्यशैली में सेवा भावना, अनुशासन, करुणा और दूरदर्शिता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत योगदान की सराहना है, बल्कि शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में उनके आदर्श कार्यों को राष्ट्रीय पहचान प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

चुनाव याचिका पर बार-बार टल रही सुनवाई, CJI ने कहा- क्या हाईकोर्ट के काम में दखल दें?

जयपुर में लंबित एक चुनाव याचिका को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की. मामले की सुनवाई के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) ने कहा कि हर दिन इलाहाबाद हाईकोर्ट, पटना हाईकोर्ट और अब राजस्थान हाईकोर्ट से भी इसी तरह की याचिकाएं आ रही हैं. उन्होंने सवाल उठाया कि क्या ये हाईकोर्ट के कामकाज में दखल नहीं माना जाएगा? याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि यह याचिका बार-बार हो रही स्थगन (adjournment) के खिलाफ है. ये मामला बेहद जरूरी सुनवाई वाला है. याचिकाकर्ता ने कहा कि उन्होंने नामित (डिजिग्नेटेड) जज के सामने आवेदन दिया था, लेकिन वो लंबित पड़ा हुआ है. साथ ही ये भी बताया गया कि जो जज इन मामलों की सुनवाई के लिए नामित हैं, वो जयपुर में बैठने के बजाय जोधपुर में बैठ रहे हैं जिससे मामले की सुनवाई आगे नहीं बढ़ पा रही है.

Rafale Deal: राफेल से चार गुना बड़ी डील, पाकिस्तान के यार ने आखिर ऐसा क्यों किया, क्या है मजबूरी?

Rafale Deal: पिछले दिनों भारत के रक्षा मंत्रालय के रक्षा खरीद परिषद (DAC) ने फ्रांस से 114 राफेल फाइटर जेट्स की खरीद को मंजूरी दे दी. उम्मीद की जा रही है कि इस सौदे पर करीब 3.25 लाख करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी. फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की सोमवार से शुरू हो रही भारत यात्रा से पहले इस सौदे को मंजूरी काफी अहम माना जा रहा है. भारत के रक्षा इतिहास में इससे पहले कभी भी इतनी बड़ी डिफेंस डील नहीं हुई है. इसे दुनिया की भी कुछ चुनिंदा बड़ी डील्स में शामिल किया जा रहा है. लेकिन, यह दुनिया की सबसे बड़ी डील नहीं है. बीते साल पाकिस्तान के यार माने जाने वाले सऊदी अरब ने अमेरिका के साथ एक सैन्य डील की थी. हालांकि, सऊदी अरब के साथ भारत के भी रिश्ते अच्छे हैं, लेकिन 2025 में ही सऊदी और पाकिस्तान के बीच बने सैन्य गठबंधन के बाद से यह कहा जाने लगा कि दोनों मुल्क यानी पाकिस्तान और सऊदी मिलकर एक इस्लामिक नाटो की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं. इसी कारण सऊदी को पाकिस्तान का यार कहा जाने लगा

6 छक्के, 11 चौके... युवराज सामरा ने शतक जड़कर टी20 वर्ल्ड कप में रचा इतिहास

न्यूजीलैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप के 31वें मुकाबले में कनाडा को 8 विकेट से हराकर सुपर-8 में जगह पक्की कर ली। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले गए इस मैच में कनाडा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी और 20 ओवर में 4 विकेट पर 173 रन बनाए। जवाब में कीवी टीम ने 15.1 ओवर में सिर्फ 2 विकेट गंवाकर टारगेट हासिल कर लिया। फिलिप्स-रचिन के अर्धशतक 174 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र ने अर्धशतक लगाए। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए नाबाद 146 रन की साझेदारी हुई। फिलिप्स ने 36 बॉल पर नाबाद 76 रन बनाए। उन्होंने 3 कैच भी लिए। फिलिप्स को इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, रचिन ने 39 बॉल पर नॉटआउट 59 रन की पारी खेली। कनाडा के लिए साद बिन जफर और दिलोन हेलिगर को 1-1 विकेट मिला। टीम के लिए युवराज के अलावा कप्तान दिलप्रीत बाजवा ने 36 रन बनाए। युवराज और दिलप्रीत के बीच पहले विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी हुई। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी, जैकब डफी, काइल जैमीसन और जिमी नीशम को 1-1 विकेट मिला।

The Kerala Story 2 Trailer: 'मेरा सलीम ऐसा नहीं है...', रोंगटे खड़े कर देगा ट्रेलर; दिल दहला देगी ये कहानी

साल 2023 में एक ऐसी फिल्म आई जिसने हर तरफ सुर्खियां बटोरी और इस फिल्म का नाम था 'द केरल स्टोरी' (The Kerala Story)। अब जल्द ही 'केरल स्टोरी 2' आने वाली है। फिल्म की चर्चा पिछले काफी दिनों से हो रही है और अब इस फिल्म का हाल ही में ट्रेलर रिलीज किया गया है। विपुल अमृतलाल शाह (Vipul Amrutlal Shah) और उनके बैनर 'सनशाइन पिक्चर्स' के सपोर्ट से बनी 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' (The Kerala Story 2: Goes Beyod Trailer) का दमदार ट्रेलर आखिरकार सामने आ गया है। ट्रेलर की शुरुआत एक रोंगटे खड़े कर देने वाली चेतावनी से होती है: जिसमें कहा गया है कि अगले 25 सालों में भारत एक इस्लामिक स्टेट में बदल सकता है।

चांदी के दाम धड़ाम, 22 कैरेट सोना भी 1 लाख 40 हजार से कम, चेक करें आज का रेट

सोना-चांदी की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है. इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) की आधिकारिक वेबसाइट ibjarates.com के मुताबिक, भारतीय सर्राफा बाजार में आज (मंगलवार), 17 फरवरी 2026 को सोना-चांदी सस्ता हुआ है. ताजा कीमतों की बात करें तो 999 शुद्धता वाले 24 कैरेट सोने का रेट 151195 रुपये प्रति 10 ग्राम तक आ गया है. वहीं, 999 शुद्धता वाली चांदी भी सस्ती होने के साथ 234380 रुपये किलो तक आ गई है. ibjarates.com पर 17 फरवरी को सुबह जारी किए गए रेट्स के मुताबिक, 995 शुद्धता वाले यानी 23 कैरेट सोने का रेट 150590 रुपये प्रति 10 ग्राम है, जबकि 916 शुद्धता वाले यानी 22 कैरेट गोल्ड का रेट 138495 रुपये प्रति 10 ग्राम है. अगर आप ज्वैलरी के लिए सोना खरीदना चाहते हैं तो 22 कैरेट गोल्ड सबसे अच्छा माना जाता है. बता दें कि इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) द्वारा जारी किए गए दाम पूरे देश में मान्य होते हैं और केंद्रीय सरकार द्वारा घोषित छुट्टियों के अलावा शनिवार और रविवार को रेट जारी नहीं किए जाते हैं.

ibjarates.com पर सोमवार से शुक्रवार रोज सुबह और शाम जारी गोल्ड-सिल्वर की कीमतों में जीएसटी एड नहीं होता और ज्वैलरी खरीदने पर मेकिंग चार्ज अलग से देने होते हैं.

Reg.by Govt. Of India
OASIS WORLD RECORDS
EST.SINCE 2022
BHARAT BHUSHAN SAMMAN
BHARAT DHARMA RATNA AWARD
AKHAND BHARAT SAMMAN
DR. A.P.J. ABDUL KALAM AWARD
BHARAT LEADERSHIP SAMMAN
LIFETIME NATION SERVICE AWARD
BHARAT SHAURYA SAMMAN
UNIVERSAL PEACE AND SEVA AWARD
NOMINATE NOW
www.oasisworldrecords.com
NEW DELHI
26TH JULY 2026
8708565733

OASIS WORLD RECORDS AWARDS
NOMINATE NOW
BHARAT GLORY RATNA AWARD
NATIONAL GLORY AWARD
BHARTIYA RATNA AWARD
LOK SEVA RATNA AWARD
LIFETIME NATION SERVICE AWARD
NATIONAL EXCELLENCE AWARD
DR. A.P.J. ABDUL KALAM AWARD
UNIVERSAL PEACE & SEVA AWARD
BHARAT BHUSHAN SAMMAN
RASHTRA GAURAV SAMMAN
PARAM VIBHUSHAN SAMMAN
PARAM SEVA RATNA SAMMAN
BHARAT SEVA RATNA SAMMAN
LOK KALYAN RATNA SAMMAN
BHARAT SHAURYA SAMMAN
AKHAND BHARAT SAMMAN
www.oasisworldrecords.com
www.oasisnews.in
8708565733

ELEVATE YOUR BRAND
with the Best PR Agency in India.
360 DEGREE STRATEGIC MEDIA SOLUTIONS
PRESS RELEASES
PERSONAL INTERVIEWS
INTERNATIONAL MEDIA
PRESS CONFERENCES
PRINT MAGAZINES
TV PANELISTS
AWARD NOMINATIONS
GLOBAL SPEAKING
Visit Our Website
www.oasisnews.in
8708565733

रील का नशा और चली गई साहिल की जान, द्वारका में हादसे का खौफनाक वीडियो आया सामने

डिजिटल डेस्क, नई दिल्ली। राजधानी में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 23 वर्षीय साहिल धनेशरा की मौत के मामले में अब एक नया वीडियो सामने आया है, जिसने हादसे को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यह वीडियो उसी स्कॉर्पियो एसयूवी के अंदर शूट किया गया था, जो दुर्घटना में शामिल थी। हादसे वाले दिन बनाई गई इस रील में नाबालिग चालक तेज रफ्तार में स्कॉर्पियो दौड़ाता दिख रहा है। सड़क पर डिवाइडर नहीं है और वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि तेज गति से चल रही गाड़ी एक बस से बाल-बाल बचती है। सामने की सीट पर बैठी एक लड़की पर्स हाथ में लेकर वीडियो बनाती नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि वीडियो बना रही लड़की आरोपी नाबालिग की बहन है। हालांकि, इस वीडियो से दुर्घटना के समय गाड़ी की सटीक रफ्तार का पता नहीं चल पाया है। इससे पहले सामने आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने हादसे की भयावहता को और स्पष्ट कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक साहिल की मौत अत्यधिक रक्तस्राव (हेमरेज) के कारण हुई। सिर के बाईं ओर खोपड़ी में फ्रैक्चर और स्कैल्प के नीचे खून का थक्का पाया गया।